दिन– सोमवार                                                                 दिनांक– 09 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 08.48 बजे से।                                                  अवधि – 15 मिनट

---

01. भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप जीतकर इतिहास रचा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय टीम को बधाई दी।

02 संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होनी है।

03. गृह विभाग ने प्रदेश में पुलिस व्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए पचास ड्रोन खरीदने की मंजूरी दी।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव। पटना सहित राज्य के बत्तीस जिलों में आज से बारिश और आंधी की संभावना।

---

भारत ने तीसरी बार आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप जीतकर इतिहास रच दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को छियानवे रन से मात देकर चैंपियन बन गया है। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

---

टीम इंडिया की खिताबी जीत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि भारतीय टीम ने आईसीसी पुरूष टी–ट्वेंटी विश्वकप जीतकर देश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री ने टीम इंडिया के प्रदर्शन पर कहा कि भारतीय टीम ने देश को अपार गौरव दिलाया है। यह जीत असाधारण कौशल, दृढ़संकल्प और टीम वर्क को दर्शाती है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने भी भारत की शानदार जीत पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि यह ऐतिहासिक जीत पूरे देश के लिए गर्व और हर्ष का दिन है। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा है कि युवा भारतीय टीम ने विश्व विजेता बनकर नया कीर्तिमान रचा है।

---

टी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारत की खिताबी जीत से पूरे देश में जश्न का माहौल है। पटना की सड़कों पर भी लोगों ने देर रात तक जश्न मनाया। जगह–जगह पटाखे फोड़े गए। लोगों ने तिरंगा लहराया और ढोल–नगाड़ों के साथ टीम इंडिया की जीत की खुशियां साझा कीं।

---

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। यह चरण अगले महीने की दो तारीख तक चलेगा। लोकसभा में आज अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होनी है। कांग्रेस के तीन सांसद मोहम्मद जावेद, के.सुरेश और मल्लु रवि यह प्रस्ताव रखेंगे। यदि आज लोकसभा में इस प्रस्ताव पर चर्चा होती है तो श्री ओम बिरला सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के साथ बैठेंगे। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को भी आज लोकसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर बयान देना है। राज्यसभा में पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा होगी। ब्योरा हमारे संवाददाता से.

–––रिपोर्ट–––

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सबका साथ सबका विकास – जन आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर बजट पश्चात वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करेंगे। इस विषय के तहत शिक्षा और कौशल, स्वास्थ्य और आयुष, पर्यटन और आतिथ्य सहित विभिन्न सेक्टर पर देशभर में कई सत्र आयोजित होंगे। विचार–विमर्श में शिक्षा से लेकर रोजगार के अवसर, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स, पूर्वोत्तर क्षेत्र में बौद्ध सर्किट तथा विरासत पर्यटन को बढावा देने पर चर्चा होगी। बजट पश्चात वेबिनार सरकार, उद्योग और क्षेत्र विशेषज्ञों को बजट में प्रस्तुत नीतिगत दृष्टिकोण को कार्यात्मक रणनीति में बदलने पर चर्चा का मंच उपलब्ध कराएगा।

---

प्रदेश में पुलिस व्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए पचास ड्रोन खरीदे जायेंगे। गृह विभाग ने इसकी मंजूरी दी है। विभाग ने इसके लिए चौबीस करोड़ पचास लाख रुपये खर्च किये जाने की स्वीकृति दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि पुलिस बल को आधुनिक उपकरणों से सशक्त बनाने के लिए ड्रोन तकनीक को शामिल

किया जा रहा है। इसके उपयोग से भीड़ नियंत्रण, अपराध निगरानी, नदी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील इलाकों में अभियान और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में पुलिस को बड़ी सहायता मिलेगी।

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दाखिल–खारिज और परिमार्जन का काम तय समय सीमा में करने का निर्देश दिया है। श्री सिन्हा ने राजस्व से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने को कहा है। पटना में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि राजस्व प्रशासन को पारदर्शी बनाने को लेकर डिजिटल डायरी की व्यवस्था लागू होगी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण कल से शुरू होगा। चौदह मार्च तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री दस जिलों– मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया, बेगूसराय और शेखपुरा में विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। पहले दिन मुख्यमंत्री सुपौल और मधेपुरा का दौरा करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार श्री कुमार प्रत्येक दिन दो जिलों की यात्रा करेंगे। मत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार श्री कुमार प्रगति यात्रा और सात निश्चय से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं के साथ–साथ जिले की अन्य महत्वपूवर्ण योजनाओं का स्थल निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री कई परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।

---

प्रदेश के विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति अब लिखित परीक्षा के आधार पर होगी। इसके लिए लोक भवन ने नई नियमावली का मसौदा प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भेजा है। कुलपतियों को मसौदे पर दस दिन के अंदर अपना विचार देना है। यह परीक्षा बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (बीएसयूएससी) के माध्यम से संचालित होगी। नई नियमावली में एक सौ साठ अंकों की लिखित परीक्षा और चालीस अंकों का साक्षात्कार प्रस्तावित है।

---

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पटना सहित राज्य के बत्तीस जिलों में आज बारिश और आंधी की संभावना है। विभाग ने कहा है कि इस

दौरान पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, अररिया, सुपौल, किशनगंज, मधेपुरा, भागलपुर और बांका सहित कई जिलों में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

---बाइट---

इधर, आज सुबह से ही पटना और आस–पास के क्षेत्रों में बादल छाये हुए हैं।

---

नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टीके नेता और पिछले वर्ष सितंबर में जेन–ज़ी आंदोलन के प्रमुख चेहरे बालेंद्र शाह का,अगला प्रधानमंत्री बनना तय है। उनकी पार्टी ने संसदीय चुनाव में भारी जीत हासिल की है। पार्टी को प्रतिनिधि सभा में प्रत्यक्ष चुनाव वाली एक सौ पैंसठ सीटों में से एक सौ बाईस सीट मिली हैं और तीन सीटों पर वह आगे चल रही है। नेपाल में लोकतंत्र स्थापित होने के बाद यह सबसे बड़ा चुनावी बहुमत है। चुनाव आयोग ने अब तक एक सौ पैंसठ सीटों में से एक सो उनसठ के परिणामों की घोषणा कर दी है। अंतिम चुनाव परिणाम अगले दिनों आने की संभावना है।

---

बिहार ने स्वच्छ जल उपलब्ध कराने और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। सतत विकास लक्ष्य–छह के तहत नीति आयोग की ओर से जारी वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस की रैंकिंग में राज्य अंठानवे अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ एन विजयलक्ष्मी ने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी।

---

गोपालगंज जिले के पंचदेवरी प्रखंड के खालगांव में बिहार का पहला ऑटोमेटिक गुड़ उत्पादन प्लांट चालू हो गया हैं। गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव के सेंथिल कुमार ने इसका उद्‌घाटन किया। बिहार सरकार के गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत करीब पंद्रह करोड़ रुपये की लागत से दो एकड़ भूमि में बने इस प्लांट में प्रतिदिन लगभग सौ टन गन्ने की पेराई की जायेगी। इस प्लांट से प्रतिदिन तेरह टन से अधिक गुड़ का उत्पादन होगा।

---

तेल की कीमतें पिछले साढ़े तीन वर्ष में पहली बार एक सौ अमरीकी डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई हैं। मध्य–पूर्व में ईरान युद्ध के कारण तेल का उत्पादन और परिवहन बाधित हुआ है। एक बैरल ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत कल एक सौ एक दशमलव एक–नौ डॉलर तक पहुंच गई।

---

अररिया में जिला नियोजनालय के तत्वावधान में निजी क्षेत्र की कंपनी द्वारा सुरक्षा जवानों की भर्ती के लिए सभी प्रखंडों में आज से अठारह मार्च तक जांच–सह–पंजीयन शिविर आयोजित किया जा रहा है। प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया है कि इच्छुक व्यक्ति दस बजे से शाम चार बजे तक शिविर में भाग ले सकते हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्वकप में भारतीय टीम की जीत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है –हमसा कोई नहीं, अखबार लिखता है – भारत ने न्यूजीलैंड को छियानवे रन से हराकर लगातार दूसरा टी–ट्वेंटी खिताब जीता।

दैनिक जागरण ने इसी खबर का शीर्षक दिया है – रच दिया इतिहास।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – निशांत की पॉलिटिकल लॉचिंग, जदयू ने कहा – युवा सोच से बदलाव की बयार बहेगी।

प्रभात खबर लिखता है – मुख्यमंत्री ने बिहार म्यूजियम और पटना म्यूजियम को जोड़ने वाली सुरंग का किया कार्यारंभ।

राष्ट्रीय सागर ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति का प्रोटोकॉल टूटने की खबर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है – जल्द टूटेगा टीएमसी का अहंकार।

आज अखबार का शीर्षक है – गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – केदारनाथ से कन्याकुमारी तक बाहर होंगे : घुसपैठिए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप जीतकर इतिहास रचा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय टीम को बधाई दी।

02 संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होनी है।

03. गृह विभाग ने प्रदेश में पुलिस व्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए पचास ड्रोन खरीदने की मंजूरी दी।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में बदलाव। बपटना सहित राज्य के बत्तीस जिलों में आज से बारिश और आंधी की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।